# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Title Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

वर्ष-1 | अंक-122 | सागवाड़ा, रविवार, 2 जनवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


## परतापुर जैन मंदिर से चोरी 6 मूर्तियां बरामद, 18 किलोग्राम चांदी की बरामदगी नहीं

### 5 बदमाश नामजद, 2 गिरफ्तार, एक नाबालिग

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा जिले के परतापुर के आदिनाथ नगर स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर से चोरी गई अष्टधातु की कुल 66 किलो वजनी सभी 6 मूर्तियों को पुलिस ने 72 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है, लेकिन मंदिर से चोरी हुई 18.31 किलो के चांदी के सिंघासन एवं अन्य सामान बरामदगी में पुलिस की ओर से देरी हो रही है। बांसवाड़ा SP राजेश कुमार मीणा ने गढ़ी थाने में पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस की उपलब्धियां बताई। वहीं मामले में कुल 5 जनों को नामजद करने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक नाबालिग भी डिटेन किया है। भगवान की मूर्तियां मिलने की खुशी में स्थानीय जैन समाज ने बांसवाड़ा SP मीणा और अन्य पुलिस अधिकारियों को फूलों की बौछार कर स्वागत किया।बांसवाड़ा SP मीणा ने बताया कि मंदिर में चोरी करने वाली टीम के सरगना चौबीसों का पाड़ला थाना सदर का रहने वाला है।

उसकी पहचान अनिल पुत्र प्रभुलाल डिंडोर के नाम से हुई है। वहीं चोर गैंग में पाड़ीखुर्द निवासी कालूराम उर्फ कालिया पुत्र सूरज डिंडोर, चौबीसों का पाड़ला निवासी अर्पित पुत्र प्रकाश डोडियार, उपला पातेला निवासी कपिल चरपोटा पुत्र शंकर चरपोटा एवं एक नाबालिग शामिल है। मामले में आगे की कार्रवाई गढ़ी थाना प्रभारी पूनाराम गुर्जर के नेतृत्व में जारी है।

## धर्मगुरू, राजनीतिक दलों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ संवाद

# हर वर्ग के सहयोग से जीतेंगे कोरोना की जंग जीवन रक्षा के लिए उठाएंगे हरसंभव कदमः मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कोरोना संक्रमण रोकने के लिए जरूरी है कि जो सतर्कता और सजगता हमने पहली एवं दूसरी लहर के समय बरती उसे निरंतर बरकरार रखें। उन्होंने तीसरी लहर की आशंका के मद्देनजर लोगों से अपील की है किवेकोविड प्रोटोकॉल की पालना आवश्यक रूप से करें। गहलोत ने कहा कि अब तक सब के सहयोग से हमारा कोरोना प्रबंधन पूरे देश में शानदार रहा है। आगे भी हर वर्ग के सुझाव और सहयोग से ही हम इस जंग को जीतेंगे और कोरोना से बचाव के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। गहलोत रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड-19 को लेकर धर्मगुरूओं, जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, सोशल एक्टिविस्टों तथा गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब कोरोना संक्रमण आया तो सभी वर्गों ने आगे बढ़कर इस चुनौती से सामना करने में सहयोग किया। इसी का परिणाम रहा कि राजस्थान कोविड से निपटने में सबसे आगे रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरी लहर में डेल्टा वायरस के कारण पूरी दुनिया ने भयावह स्थिति का सामना किया। लोगों को




ऑक्सीजन, बैड और जीवनरक्षक दवाओं की कमी से जूझना पड़ा। इस विपरीत समय में भी राजस्थान ने बेहतर प्रबंधन करते हुए लोगों की जान बचाई। चार्टर प्लेन तक से दवाइयां मंगवाई गई। ऑक्सीजन के प्रबंधन के लिए मंत्री समूह को दिल्ली भेजा गया। हर स्थिति की उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग की गई। इसी का नतीजा रहा कि हम लोगों का जीवन बचाने में कामयाब हो सके। गहलोत ने कहा कि बीते कुछ दिनों में दुनिया के 125 से अधिक देशों में ओमिक्रोन वैरिएंट का संक्रमण फैल चुका है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में तो लाखों की संख्या में इसके मामले सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वैरिएंट की आर वैल्यू काफी अधिक होने से यह तेजी से फैलता है और कब यह अपना मिजाज बदलकर घातक हो जाए कहा नहीं जा सकता, क्योंकि दूसरी लहर के समय भी अल्फा वैरिएंट म्यूटेट होकर डेल्टा में बदल गया और पूरी दुनिया में तबाही मचा दी। ऐसे में, हमें ओमिक्रोन वैरिएंट के प्रति पूरी सजगता और सतर्कता रखनी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जीवन रक्षा के साथ-साथ हमारी आजीविका सुचारू रूप से चलती रहे, इसके लिए जरूरी है कि हम सभी सोशल डिस्टेसिंग, मास्क पहनने, जैसे कोविड अनुशासन की आवश्यक रूप से पालना सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी पात्र लोग आवश्यक रूप से वैक्सीनेशन कराएं। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणाने कहा कि राजस्थान की ओर से केन्द्र को 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग के वैक्सीनेशन की आयु सीमा 12 से 18 वर्ष किए जाने का सुझाव दिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को संक्रमण से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह आशंका व्यक्त की है कि आगामी समय में ऑमिक्रोन का संक्रमण सुनामी के रूप में सामने आ सकता है। लोगों में इस वायरस की घातकता को लेकर भ्रांति को दूर करने की जरूरत है ताकि वे सजग एवं सतर्क रहें।

# काम दिलाने के नाम पर धोखे से पोस्ट ऑफिस में खुलवाए खाते

### बोडिगामा छोटा के पोस्ट मास्ट और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ सागवाड़ा थाने में शिकायत, पुलिस ने शुरू की जांच

**सागवाड़ा।** काम दिलाने के नाम धोखे से पोस्ट ऑफिस में खाता खोलकर प्राथी के नाम से धोखाधड़ी करने का मामला पुलिस में दर्ज हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलूड़ी निवासी पंकज पुत्र भीखा बुनकर ने दी रिपोर्ट में बताया कि जनवरी 2020 को आवश्यक काम से सागवाड़ा आया था, जहा राकेश पाटीदार मिला। उसने बताया कि डूंगरपुर में एयरटेल कम्पनी का काम चालु हो रहा है, जिसमे करिब 400 लोगों की जरूरत है। कम्पनी प्रत्येक व्यक्ती को 8 हजार रूपये मासिक वेतन देगी। तुम्हारे पास कोई मजबूर हो तो बताना। उसने अपना नाम बोडीगामा छोटा निवासी राकेश पाटीदार बताया। उसने अपना नंबर देकर मुझसे बात करने को कहा। जिसके बाद मैंने अपने गांव के प्रकाश पुत्र गौतम बुनकर, महेश पुत्र भूरा कटारा, कचरा पुत्र अमरजी कटारा को बताया और हम चारों ने राकेश को फोन किया कहा कि हम काम कराना चाहते है। जिस पर उसने अपने घर बोडीगामा बुलाया। चारों बाईक से राकेश पाटीदार के घर गए। राकेश ने आईडी कार्ड बनाने के नाम पर आधार कार्ड की फोटो कॉपी ली एवं गांव के पोस्टमेन की दुकान पर ले गया। जहां हमसे ऑन लाईन अगूठे लगवाए और कहा कि तुम्हारी आईडी बन जाएगी। जिसके बाद कहा कि कुछ दिनों में तुमकों काम पर बुला लेंगे। हम चारों वहा से चले गये । फिर ये बात महेश कटारा ने अपने दोस्त सेमलीया पंड्या निवासी सुनील पुत्र शंकर रोत को सुनील ने अपने दोस्तों और परिचितों को बताया। राकेश के पास सुनील पुत्र शंकर रोत , दिलीप पुत्र नानुराम पारगी, मनीष पुत्र नारायण पारगी, अशोक पुत्र नानीया पारगी, राहुल पुत्र धुलजी, महेन्द्र पुत्र धुलजी पारगी, सचीन पुत्र शान्तिलाल पारगी, अजय पुत्र कलजी पारगी, सुरेश पुत्र रमेश पारसी, गणेश पुत्र रमेश पारगी निवासी दिवडा छोटा से सभी राकेश पाटीदार ने आधारकार्ड लिये और आन लाईन आईडी बनाने के नाम पर उनके आन लाईन अगूंठे लिये।

## चिरंजीवी बीमा योजना में परिवार को जोड़ने के लिए एनजीओ में निभा सकेंगे भागीदारी

**बांसवाड़ा।** मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में वंचित परिवारजनों को जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जहां कार्मिकों को पांच परिवार जोड़ने पर पांच सौ रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है, वहीं अब इस कार्य को करने के लिए गैर सरकारी संस्थानों को भी अवसर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि फील्ड स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत वह गैर सरकारी संस्थान जिनका पंजीयन सोसाइटी पंजीयन एक्ट 1958 के तहत हुआ हो, वह इस अभियान से जुड़ सकता है। इसके लिए बीमा योजना से जोड़ने वाले परिवार के पंजीयन के साथ एनजीओ की भी जानकारी भी ऑनलाइन ही देनी होगी। एनजीओ संचालक का जनआधार कार्ड होना आवश्यक रहेगा। ताकी प्रेरक राशि उनके सीधे खाते में प्रेषित की जा सके।

**कलेक्टर की अनुशंसा जरूरी**- संबंधित एनजीओ को इस अभियान में हिस्सेदारी के लिए कलेक्टर की अनुशंसा लेना जरूरी होगा। एनजीओ कलेक्टर की अनुशंसा के बाद ही वंचित परिवारों को बीमा योजना से जोड़ने का काम कर सकेंगे।

## भाजपा नगर मंडल डूंगरपुर नगर की बैठक हुई



**डूंगरपुर।** प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, डूंगरपुर बांसवाड़ा सांसद कनकमल कटारा की मौजूदगी में भाजपा नगर मंडल डूंगरपुर नगर की बैठक हुई। नगर उपाध्यक्ष लक्ष्मी जैन, नगर मंत्री भावना राव,काजल कलासुआ, प्रतिनिधि कंचन सुथार, पिंकी अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यकर्ताओं का रजिस्ट्रेशन नीलेश सोनी, शैलेश भंडारी, नरेंद्र आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा संगठन सह प्रभारी कमलेश पुरोहित,भाजपानगर अध्यक्ष दिलीप जैन, मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष व प्रशिक्षण संयोजक शांतिलाल पंडया, नगर प्रवासी दीनदयाल सिंह, विधानसभा विस्तारक ख्याली जैन, अनिल पटेल, रीटा कुंवर चौहान, राजकुमारी प्रजापत, प्रवीण श्रीमाल, सुजीत चौबीसा प्रभु कंसारा कमलेश पंचाल हर्ष शर्मा मंचासीन रहे। प्रथम सत्र में शांति लाल पंडया द्वारा उदबोधन में संगठन को मजबूत करने, बूथ लेवल तक जाकर कार्य करना, बूथ स्तर पर जाकर समितियां बनाना, शक्ति केंद्र संयोजक व प्रभारियों का गठन, मण्डल कार्यसमितिओं का गठन पर विचार व्यक्त किये।मण्डल महामंत्री पुष्कर चौबीसा द्वारा राजनीतिक प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया गया।

## आज से 15-18 वर्ष तक के बच्चों को कोवैक्सीन, केंद्र पर तुरंत होगा पंजीयन

**बांसवाड़ा।** जिले में 3 जनवरी यानी सोमवार से बच्चों के लिए भी टीकाकरण प्रारंभ हो जाएगा। 2007 से पूर्व जन्मे 15 साल से 18 साल तक के आयु के बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। बच्चों को केवल कोवैक्सीन लगाई जाएगी। कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के लिए टीकाकरण अत्यंत जरूरी है। इसीके मददेनजर अब बच्चों को भी टीकाकरण का निर्णय लिया गया है। इसके लिए कोविन सोफटवेयर पर भी ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। हालांकि ऑन द स्पॉ पर पंजीयन की सुविधा दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि सभी केंद्रों पर सख्ती से कहा गया है कि वहां पर बच्चों के वैक्सीन की अलग से सूचना चस्पा की जाए। इसके लिए अलग से ही केंद्र पर टीम तैनात की जाए। ताकी बच्चों को कोई समस्या झेलनी नहीं पड़े।

## भाजपा सागवाड़ा नगर मंडल की बैठक हुई





**सागवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सागवाड़ा की मंडल कार्यसमिति की बैठक आज माधव परिसर विद्यानिकेतन स्कूल में आयोजित हुई। जिला महामंत्री इंद्रवीर सिंह चौहान, विशिष्ट अथिति एवं मुख्य वक्ता एवं मंडल प्रवासी सुरेश फलोजिया एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष नारायणलाल दर्जी एवं विधानसभा विस्तारक पीयूष कोठारी के विशिष्ठ आथित्य में आहूत की गई। स्वागत उध्बोधन नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट ने दिया। जिला महामंत्री इंद्रवीर सिंह ने संगठन की आगामी कार्ययोजना के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। मुख्य वक्ता सुरेश फलोजिया ने कार्यकर्ताओं को भाजपा के इतिहास से अवगत कराया। सत्यनारायण सोनी, नारायणलाल दर्जी ने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष ताजेंग पाटीदार ने बूथ समितियों को गठन कर पन्ना प्रमुख बनाकर संगठन को सुद्रढ़ करने का आव्हान किया। नेता प्रतिपक्ष हरीश सोमपुरा ने राजनैतिक प्रस्ताव का वाचन किया जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने ध्वनि मत से समर्थन किया। संचालन नगर महामंत्री मनोज कंसारा ने किया और आभार कार्यक्रम प्रभारी नानालाल दर्जी ने प्रेषित किया,इस अवसर पर जिला मंत्री आशा पाटीदार,जिला मंत्री लक्ष्मी कटारा, नगर महामंत्री नीरज पंचाल, कार्यक्रम सह प्रभारी कुतुबुद्दीन कोठी, नगर महामंत्री मांगीलाल डामोर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दशरथ खटीक, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला महामंत्री यशवंत गवारिया, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री दिलीप मोड़ पटेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष बदामीलाल मेहता,पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रियंक भासरिया, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय पंचाल, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नीलम सोमपुरा,जनजाति मोर्चा नगर अध्यक्ष वासुदेव आहारी, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष जगदीश मोची, पार्षद मंगलेश वाडेल,पार्षद संजय जैन, आजीवन निधि संग्रह के मंडल संयोजक नरेंद्र गोवड़िया, नगर उपाध्यक्ष अश्विन जैन,किशोर सेवक, राजू माली मौजूद रहे।

## ससलई गांव में गुरु गोविंद महाराज की मूर्ति का





**कुंआ।** चौरासी विधान सभा क्षेत्र के ससलई गाव में गुरु गोविंद महाराज की मूर्ति का अनावरण हुआ। चौरासी विधायक राजकुमार रोत, समाज सेवी भंवर, बासिया धाम के करण गोरी महाराज, मानगढ़ धाम से रामचंद्र महाराज, बावड़ी धाम से केशव महाराज, कहड़वाड़ा धाम से पूना महाराज, धनगाव से अंबालाल कोचरी से शम्भू महाराज ने अनावरण किया गया द्य इस दौरान भजन मण्डली ओर भक्ति संगीत भी भक्तो द्वारा प्रस्तुत किया गया द्य कार्यक्रम मे अतिथियों का स्वागत स्थानिय ग्राम वासियों द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में वक्ताओ द्वारा अपने अपने विचार रखे ओर गुरु गोविंद महाराज की जीवन गाथा का उल्लेख किया।

उनके त्याग ओर बलिदान को याद किया गया। गोविंद गुरु के आदर्शों को अपने जीवन मे उतारने की बाते बताई, नशे की लत पान गुटखा आदि से दूर रहने की बात बताई गई द्य इस दोरान जिला परिषद सदस्य सलीम पीठ, अनिल कटारा, कान्ता बाई, स्थानीय सरपंच सीमा भमात, भचड़िया सरपंच देवेन्द्र डामोर, रूपलाल डामोर उदड़िया, खातूराम बागडिया, मणिलाल छगण गडा मेड़तीया, सुखलाल जी सदेणा नयागाव, राजमल , रणछोड़ दाद धाम, कमलेश पारगी सहित आस पास क्षेत्र के मेट कोटवाल ओर भक्त जन इस दोरान मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन पंकज भमात द्वारा किया गया।

## मेवाड़ा कलाल समाज आसपुर चोखला क्षेत्र बेणेश्वर की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**आसपुर।** बनकोडा गांव में श्री मेवाड़ा कलाल समाज आसपुर चोखला क्षेत्र बेणेश्वर की चल रही तृतीय क्रिकेट खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में गरियाता विजेता व वागड़ इलेवन टीम उप विजेता रही। समाज के मीडिया प्रभारी दीपक कलाल साबला ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष कन्हैया कलाल मुंगेड़ ने की। मुख्य अतिथि कन्हैया लाल कलाल कोलखण्डा एवं विशिष्ट अतिथि अशोक कलाल रणोली, अशोक कलाल जोगीवाड़ा, पूर्व अध्यक्ष शिवराज कलाल मुंगेड़ , उपाध्यक्ष भोगीलाल तालोरा व कोदर लाल वाडा घोडिया रहे।समारोह के दरम्यानअतिथियों सहित भामाशाह बंशीलाल कलाल गड़ा नाथजी , नानूलाल भेवड़ी , नरेश शंकर लाल तालोरा, रमणलाल धानमंडी आसपुर, चिमनलाल वमासा , मुकेश कलाल वमासा , भुवन कलाल वणवासा , लोकेश



तालोरा का युवा मण्डल अध्यक्ष मुकेश कलाल बनकोडा, खेल संयोजक लक्ष्मी लाल कलाल आसपुर, खेल प्रभारी गणेश लाल कलाल साबला, राकेश कलाल बनकोडा, खेल कमेटी अध्यक्ष दीपक कलाल साबला, सचिव अशोक कलाल धानमंडी आसपुर, उपाध्यक्ष तुषार कलाल जोगीवाड़ा, हितेश कलाल आसपुर , नरेंद्र कलाल आसपुर ने तिलक पगड़ी रस्म के साथ स्वागत , अभिनंदन सम्मान किया। वही समाज की ओर से अथितियों व खेल समिति की ओर विजेता गरियाता , उप विजेता वागड़ इलेवन टीम को ट्रॉफी व नकद इनामी राशि भेट की गई। साथ प्रतियोगिता में क्षेत्र बेस्ट प्लेयर, बोलर व मेन ऑफ मैच रहे खिलाड़ियों को ट्राफी से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दरम्यान मंचासीन अतिथियों ने समाज मे खेलकूद सहित अन्य प्रतियोगिता के समय समय पर आयोजित करने की बात कही। साथ ही समाजजनों को संगठित होकर समाज के विकास में अपूर्व सहयोग करने की भावना रखने की बात कही। कार्यकम का संचालन भूपेश कलाल टोकवसा व भरत कलाल सोम कमला आम्बा ने किया।

इस दरम्यान कांतिलाल कलाल, हीरालाल कलाल, कन्हैयालाल कलाल, रामलाल कलाल, प्रभुलाल कलाल, राकेश कलाल, नटवर कलाल राजेश कलाल बनकोडा, नानूराम कलाल जोगीवाड़ा, हेमराज नांदली, धूलजी आसपुर, दिनेश तालोरा, विमल आसपुर, कालूजी लोडावल, बंशीलाल मुंगेड़ सहित समाजजन मौजूद रहे।